हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

12 राधा कृष्ण बाल आश्रम व वात्सल्य किशोरी कुंज का डीसी ने निरीक्षण किया



12 गन्ना किसानों का धरना जारी



## खबर संक्षेप

### षडदर्शन साधुसमाज की बैठक पिहोवा में 7 को

**कुरुक्षेत्र।** षडदर्शन साधुसमाज के महासचिव महंत ईश्वर दास एवं संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक ने बताया कि षड्दर्शन साधु समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 7 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे उदासीन कुटिया पुराना बाजार पिहोवा में होगी। बैठक में हरियाणा सरकार से षड्दर्शन साधु समाज के मुख्य कार्यालय को बनाने हेतू स्थान की मांग का प्रस्ताव रखा जाएगा।

### फ्री बोन मिनरल डेंसिटी कैंप आज

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में आज निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जांच कैम्प का आयोजन 5 जनवरी शुक्रवार को किया जाएगा। यह कैंप अस्पताल के कमरा नं 6 में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। जो दोपहर दो बजे तक चलेगा। चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएनडी) अक्सर ऑस्टियोपोरोसिस जैसे हड्डी संबंधी रोग का पता लगाने के लिए किया जाता है। जो सुरक्षित, दर्द रहित और जल्दी होने वाला टेस्ट है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार।

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान हन्नी के तौर पर हुई जोकि प्रगति विहार का रहने वाला बताया जा रहा है। शिवपुरी कॉलोनी के नितिन ने 8 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पंसारी बाजार से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

# घने कोहरे व शीतलहर के प्रकोप से ठिठुरे लोग

## पिछले कई दिनों से कंपकपाती ठंड ने जन-जीवन किया अस्त-व्यस्त, दिन भर आसमान में छाए रही धुंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2024 के चार दिन बीत चुके हैं। मगर अभी तक लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह से लेकर दोपहर तक जहां घना कोहरा छाया रहता है, वहीं, दिन भर आसमान में बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वीरवार को नए वर्ष के चौथे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा और दिन भर आसमान में बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। मौसम में ठंड बढ़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

- दुकानदारों की दुकानदारी पूरी तरह से ठंडी चल रही



यमुनानगर में वीरवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### दिन भर घरों में दुबकने को रहे मजबूर

वीरवार को मौसम में लगातार हाड़तोड़ ठंड बढ़ने से पिछले कई दिन की तरह लोग दिन भर घरों में दुबके रहे। जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त रहा। नौकरी पेशा व्यक्ति ठिठुरते हुए किसी तरह अपने कार्यस्थल पर पहुंचे और दिन भर ठिठुरने को मजबूर रहे।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकंपी

वीरवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रह गया।

वहीं दुकानदार अपनी दुकानों पर या तो कंबल आदि लपेटकर बैठे रहे या फिर किसी ने हीटर आदि जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास किया।

दुकानदार सतीश व गौरव ने बताया कि पिछले कई दिन से दुकानदारी पूरी तरह से ठंडी चल रही है। जिससे उन्हें नुक्सान हो रहा है। ग्राहक ठंड की वजह से घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं, बाहर से सामान लेकर आने वाले स्पलायर भी कम संख्या में पहुंच रहे हैं।

## नेशनल हाईवे पर धुंध के कारण हुई दुर्घटना, चार घायल

**घरौंड।** नेशनल हाईवे पर बसताड़ा टोल प्लाजा के समीप खराब खड़े ट्रक के पीछे दो बाइक टकरा गई। घनी धुंध के चलते हुए इस भीषण हादसे में दोनों बाइक पर सवार चार युवक बुरी तरह से घायल हो गए। जिनको करनाल के कल्पना चावला मेडिकल में दाखिल करवाया गया। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। वीरवार की अल सुबह नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के समीप नागालैंड का एक ट्रक देर से ही खराब खड़ा हुआ था। पर टोल पर ऐसी दुघर्टना पर कई सवाल उठ रहे है, हाइवे पुलिस , टोल वालो ने ट्रक के पीछे रंगीन बेरिगेट नहीं लगाए।

- डायल 112 की गाड़ी ने तुंरत सभी घायलों को हस्पताल पहुँचाया





प्रत्यदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक व परिचालक ट्रक के ही पीछे सड़क के किनारे बैठकर आग ताप रहे थे। तो अचानक ही घरौंडा की तरफ से दो बाइक सवार घनी धुंध व धुएँ के कारण खड़े ट्रक के पीछे टकरा गए। दुर्घटना होते ही ट्रक चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। लोगों ने बड़ी मशकत के बाद दोनों मोटरसाइकिल सवारों को ट्रक के नीचे से निकाला और मामले की सूचना इआरवी को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को पंजाब नंबर की एक एंबुलेंस के जरिए करनाल कल्पना चावला मेडिकल भिजवा दिया।

### पुलिस कर रही जांच

देर रात से सड़क पर खराब खड़े ट्रक के पीछे दो मोटरसाइकिल सवारों की भिड़ंत हो गई जिसमें चार युवक घायल हो गए। सभी घायलों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल भिजवा दिया गया मामले की जांच की जा रही है।
- बलराज - इआरवी इंचार्ज



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाए कोहरे के बीच अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक। 4केयूके01

## कोहरे ने रोकी जीवन की रफ्तार, शीत लहर से आमजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गत दिवस धूप निकलने के बाद वीरवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया। सुबह घने कोहरे के कारण आमजन को जहां आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी, वहीं दिनचर्या पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। बुधवार को जहां धूप निकलने से तापमान में भी बढ़ोतरी हो गई थी वही वीरवार को पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन नही हुए। वीरवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह घने कोहरे के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

- चालकों को वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा

इससे खेती-किसानी का कार्य तो प्रभावित हुआ ही, दिनचर्या पर विपरीत असर पड़ा। पूरे दिन सर्द हवा चलती रही। कोहरे के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। चालकों को वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा। बर्फीली हवाओं के चलते हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड ने आमजन का जीना बेहाल किया हुआ है। शीतलहर व घने कोहरे से हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड के चलते आम जनजीवन ठहर सी गयी है।आम जनजीवन के साथ-साथ सड़कों पर दौड़ने वाली गाड़ियों की रफ्तार भी धीमी पड़ गयी है। ठंड के चलते रिक्शा चालक, ठेला चालक समेत मजदूरी को शहर पहुंचे लोग जगह-जगह अलाव जलाकर राहत ले रहे हैं। बर्फीली हवाओं के कारण दिन भर हाथ-पैर सुन रहने लगे है। ठंड के कारण खेतों में काम करने वाले मजदूर एवं किसान कृषि कायारे् को छोड़ अलाव का सहारा लेने पर मजबूर हुए। ठंड का सबसे ज्यादा असर रोज कमाने खाने वाले मजदूरों पर पड़ रहा है। ऐसे गरीब तबके के परिवारों पर शीतलहर व ठंडी कहर मुसीबत बनकर आ पड़ी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के लिए यह मौसम काफी फायदेमंद है।

# 24.48 मिलीग्राम हेरोइन सहित दो काबू

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 24 ग्राम 48 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिलेगी आजाद नगर में एक युवक नशीले पदार्थ बेचने काम करता है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर रामकुमार, सतीश, एएसआई मोहन, रिषि पाल, बीरबल, राजिंदर की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट अभिलक्ष जोशी को बुलाया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 12 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान आजाद नगर निवासी सुनील उर्फ बंटी के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्याय हिरासत में भेज दिया।

- एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने दबोचा



यमुनानगर की एंटी नारकोटिस सेल द्वारा पकड़े गए आरोपी(

### दूसरे आरोपी को कलानौर बॉर्डर से किया गिरफ्तार

एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज बलराज ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक नशीला पदार्थ लेकर कलानौर बॉर्डर से होता हुआ हरियाणा में प्रवेश करेगा। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी करके बाइक पर आ रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 12 ग्राम 12 मिलीग्राम हीरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के दुमझेड़ा निवासी नौशाद के नाम से हुई।

### बदमाशों ने पिस्टल बल पर लूटी नकदी व मोबाइल

**यमुनानगर।** कुरुक्षेत्र सहारनपुर स्टेट हाईवे पर गांव ईशोपुर के पास बीती रात बदमाशों ने युवक पर पिस्टल तानकर उससे 76 हजार , आईफोन व जरूरी दस्तावेज लूट लिए। खेड़ा मोहल्ला रादौर निवासी कोमल सैनी ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मधु होटल के पास गुप्ता सलूशन प्वाइंट के नाम से ऑनलाइन फार्म भरने की दुकान है। रात करीब 11 बजे वह अपनी दुकान बंद करके अपनी कार में घर जा रहा था। कुरुक्षेत्र सहारनपुर स्टेट हाईवे पर ईशोपुर के पास उसकी कार खराब हो गई। रात करीब साढ़े 12 बजे उसकी कार के पास 3-4 युवक आए। उन्होंने रॉड मारकर उसकी कार का शीशा तोड़ दिया। बदमाश उसे कार से खींचकर सड़क किनारे खेत में ले गए। बदमाशों ने उसे पिस्टल दिखाकर उउसका आईफोन एप्पल 11, एप्पल वॉच, दो क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड और साढ़े छह हजार लूट लिए।

# पांच दिन पहले सोमनदी पुल के पास सड़क पर पड़ी मिली नवजात बच्ची के परिजनों का पता चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के रणजीतपुर में सोम नदी के किनारे गत 31 दिसंबर को मिली नवजात बच्ची के परिजनों का पता पुलिस ने लगा लिया है। यह नवजात 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म से जन्मी थी। किशोरी से उसके जीजा व मां के प्रेमी ने दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हुई और नवजात को जन्म दिया तो उसे सोम नदी के किनारे छोड़ दिया। पुलिस ने किशोरी के आरोपित जीजा व उसकी मां के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को भी अस्पताल में दाखिल कराया जा रहा है। जहां उसका उपचा रचल रहा है।

- बच्ची को फेंकने वाले और उसकी मां के साथ गलत काम करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



यमुनानगर के रणजीतपुर के पास सोमनदी पुल से पांच दिन पहले मिली नवजात बच्ची की मां के साथ दुष्कर्म करने वाले और बच्ची को फेंकने वाले दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करके ले जाते हुए पुलिस।

जानकारी के मुताबिक गत 31 दिसंबर को एक युवक ने सोमनदी के पुल के पास एक नवजात बच्ची को रोते हुए देखा तो उसने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बच्ची को अस्पताल में भर्ती करवाया था। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रणजीतपुर क्षेत्र की 14 वर्षीय किशोरी ने इस नवजात को जन्म दिया। जब पुलिस ने किशोरी से बातचीत की तो चौकानें वाला खुलासा हुआ।

### मां के साथ लिव इन में रहने वाले प्रेमी ने किया था दुष्कर्म

रणजीतपुर चौकी इंचार्ज रमन ने बताया कि किशोरी से बात की गई तो उसने बताया कि उसकी मां के साथ लिव इन में रहने वाले युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा उसके जीजा ने भी दुष्कर्म किया। वह अपनी बहन के घर कुछ दिन के लिए रहने गई थी। जहां उसके साथ गलत काम किया गया। जब वह गर्भवती हो गई तो इस बारे में किसी को भी न बताने की धमकी दी गई। उसकी मां को भी चुप करा दिया गया। जब उसने नवजात को जन्म दिया तो उसे रणजीतपुर अस्पताल में छोड़ा और पुलिस को सोम नदी के पास नवजात मिलने की कहानी बता दी। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके डीएनए सैंपल भी लिए गए हैं।

**दबिश** | माइनिंग के धंधे में संलिप्ता की संभावना को देखते हुए की जा रही छापामारी

# ईडी की टीमों ने इनेलो के पूर्व विधायक चौ. दिलबाग सिंह व एक अन्य कारोबारी के घरों व कार्यालयों समेत अन्य स्थानों पर की छापामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कई टीमों ने वीरवार सुबह यमुनानगर के इनेलो के पूर्व विधायक चौ. दिलबाग सिंह के घर, कार्यालय व फार्महाउस समेत एक अन्य कारोबारी के घर पर एक साथ छापामारी कर जांच की। इस दौरान ईडी की टीमों ने जांच स्थलों के मुख्य गेटों पर अपने साथ लेकर आए केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात कर दिया और जांच स्थलों में ना तो किसी को भीतर से बाहर आने दिया और ना ही किसी को भीतर प्रवेश करने दिया। ईडी की टीमें दिन भर जांच स्थलों में दस्तावेज खंगालती रही। बताया गया है कि ईडी की टीमों ने माइनिंग के कारोबार में संलिप्तता होने की संभावना को लेकर छापामारी कर जांच की गई।

- जांच के दौरान ईडी अधिकारी पूर्व विधायक व एक अन्य कारोबारी के घरों, कार्यालयों समेत अन्य स्थानों पर खंगालते रहे दस्तावेज





यमुनानगर में पूर्व विधायक के कार्यालय पर ईडी अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान तैनात सुरक्षा बल व मौके पर खड़ी ईडी की गाड़ियां।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक वीरवार सुबह सात बजे के करीब ईडी के दर्जनों अधिकारी कई गाड़ियों में सवार होकर यमुनानगर में पहुंच गए। इस दौरान ईडी के अधिकारी अपने साथ सीआरपीएफ के जवानों को लेकर भी पहुंचे थे। ईडी अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर एक साथ

इनेलो के पूर्व विधायक चौ. दिलबाग सिंह के फ्रैंडस कॉलोनी स्थित घर, शहर के महाराणा प्रताप चौक के नजदीक स्थित कार्यालय व फैजपुर क्षेत्र स्थित फार्म हाउस समेत सेक्टर-18 स्थित कार्यालय पर एक साथ छापामारी की। वहीं, इसी दौरान शहर के मॉडल टाउन निवासी एक अन्य कारोबारी संजीव के घर पर भी ईडी की टीम ने छापामारी की। जांच के दौरान ईडी की टीमों ने सभी जांच स्थलों के मुख्य गेटों पर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए। ताकि कोई भी व्यक्ति जांच स्थलों के भीतर प्रवेश ना कर सके और ना ही कोई भीतर से बाहर जा सके। जांच पूरी गोपनीयता से की गई।

### ईडी की जांच जारी

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बताया गया है कि ईडी की टीमों ने पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह व एक अन्य कारोबारी संजीव के घर, कार्यालयों व फार्म हाउस समेत अन्य स्थानों पर माइनिंग के कारोबार में संलिप्तता होने की संभावना को देखते हुए छापामारी की गई। ईडी की टीमे दिन भर पूर्व विधायक के घर, कार्यालय व फार्म हाउस पर दस्तावेज खंगालती रही। इससे पहले जनवरी 2022 में इंकम टेक्स विभाग द्वारा भी पूर्व विधायक और संजीव के घर जांच की गई थी। समाचार लिखे जाने तक ईडी की जांच जारी थी।

### महिला थाना की टीम ने 736 परिवारों को बिखरने से बचाया

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस के महिला थाना की विभिन्न टीमो ने वर्ष 2023 में महिला थाना में 847 प्राप्त परिवादों में मध्यस्थता करते हुये कुल 736 परिवादों का सामाजिक स्तर पर समझौता कराते हुए किया निपटारा तथा 111 परिवादो पर मामले दर्ज करके अदालत में दिए गए। महिला थाना प्रभारी कुलबीर कौर ने बतलाया कि पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया के कुशल मार्गदर्शन में महिला थाना द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। वर्ष 2023 में अब तक महिला थाना में प्राप्त 847 परिवादों में मध्यस्थता करते हुए 736 परिवादों का सामाजिक स्तर पर समझौता कराते हुए निपटारा किया गया। इसके साथ ही 111 परिवादो पर मामले दर्ज कर करके अदालत में अग्रसित किये गए, कोई भी परिवाद बकाया नही है।
पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस कटिबद्ध है।



महिला थाना प्रभारी कुलबीर कौर।

# पानीपत में नवजात शिशु मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला

## पोस्टमार्टम से मौत का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर में एक बार फिर कलयुगी मां की ममता शर्मसार होने का मामला सामने आया है। पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक नाले में नवजात शिशु मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसे देख सफाई कर्मचारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

- नाले में नवजात शिशु को बरामद किया गया

जिसके बाद शव को नाले से बाहर निकाला गया। मौके से सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस मौके पर लगे कैमरे खंगाल रही है। ताकि आरोपी मां का पता लग सके।

### पैर के तलवे पर भी कपड़ा बांधा हुआ था

पोस्टमार्टम से मौत का होगा खुलासा इसके अलावा उसके पैर के तलवे पर भी एक कपड़ा कस कर बांधा हुआ था। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि बच्चा पूरे 9 माह की डिलीवरी के बाद पैदा होना प्रतीत हुआ है। बच्चे की मौत किस तरह हुई है, इसका पोस्टमॉर्टम में खुलासा होगा।

### मिठाई के पॉलीबैग में बंद था नवजात

मौके पर पहुंचे पुराना औद्योगिक थाना के हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप ने बताया कि घटना नारायण सिंह पार्क कॉलोनी में रघुदीप अस्पताल के पास की है। जहां नाले की सफाई कर रहे नगर निगम के सफाई कर्मचारी को बच्चा पड़ा हुआ दिखाई दिया। मौके पर जांच-पड़ताल के दौरान पता लगा कि बच्चा एक मिठाई के पॉलीबैग में बंद था।

**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भव्य होगा

**कुरुक्षेत्र।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम सेवा दल कुरुक्षेत्र में भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें सुबह 11 बजे से शहर में बड़ी स्क्रीनों के साथ अयोध्या से सीधा प्रसारण, सुंदर कांड का पाठ, भजन संध्या एवं दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्रीराम सेवा दल के संरक्षक राजेश आनंद ने बताया कि श्रीराम जी के मंदिर के साथ सबकी आस्थाएे जुडी हुई है। इसलिए इस कार्यक्रम में शहर के हर नागरिक को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सेक्टर 17 में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में 11 हजार दीपों के साथ दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रात तक प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्यामप्रेमी

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सेक्टर 2 में 505वां श्री श्याम ताली कीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक कपिल गर्ग-भावना गर्ग परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम जी के मधुर भजन सुनाए जिस पर मौजूद श्याम प्रेमियों ने ताली बजाकर साथ दिया। साप्ताहिक श्री श्याम ताली कीर्तन प्रत्येक मंगलवार सांय 7 से रात्रि 9 बजे तक सलारपुर रोड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में किया जाता है साथ ही अन्य स्थानों और मंदिरों में भी ताली कीर्तन व भव्य श्याम संकीर्तन किए जाते हैं। खाटू श्याम कथा में बताया गया।

ग्रामीणों के द्वार पहुंचकर भाजपाइयों ने बताईं पीएम मोदी की गारंटी वाली योजनाएं, पात्रों को मौके पर दिया लाभ

# शेखपुरा खालसा और शाहजहानपुर पहुंची यात्रा

## दुनिया की नजरें आज भारत पर: हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा





हलका विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि दुनिया की नजरें आज भारत पर टिकी हैं। आयुर्वेद का प्रसार बढ़ रहा है। विश्व के अन्य देशों में योग दिवस का आयोजन किया जाने लगा है। लोगों का रुझान मोटे अनाज की तरफ बढ़ा है। पिछले दिनों भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में मेहमानों को प्राचीन संस्कृति से जुड़ा देसी खाना परोसा गया। यह बड़ा बदलाव है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत की साख को बढ़ाया है। श्री कल्याण आज गांव शेखपुरा खालसा और शाहजहानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। शेखपुरा खालसा में सरपंच हंसवीर ने और शाहजहानपुर में सरपंच शिवम कुमार ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। शेखपुरा खालसा में समाजसेवी सुदर्शन और शाहजहानपुर रामकुमार पालीवाल ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। श्री कल्याण ने कहा कि यात्रा अब तक 55 गांव को कवर कर चुकी है। मौके पर ही अनेक लोगों की बुढ़ापा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड आदि बनाए गए हैं। सरकार भ्रष्टाचार पर लगातार चोट कर रही है। सेवाओं को ऑनलाइन किए जाने से मनमानी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है।

हर गांव में सीएससी बनाया गया है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति सीएससी पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना की छोटी-मोटी कमी को भी सरकार दूर करने जा रही है। आज पेंशन की तरह सम्मान किसान निधि भी सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रही है। राज्य में अब नौकरियां सिफारिश के आधार पर नहीं बल्कि मेरिट पर दी जा रही हैं। हलका में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए श्री कल्याण ने बताया कि रेलवे से जमीन लेकर रास्ते का निर्माण कराए जाने से 15 गांव के लोगों को फायदा पहुंचा है। घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिलाया गया है। पांच नए अस्पताल, आईटीआई, गर्ल्स कॉलेज, 7 पावर हाउस के अलावा 70 नई सड़कों और 40 पुलों का निर्माण कराया गया है। अराईपुरा में देश की दूसरी एनसीसी अकादमी मंजूर कराई गई है। कुटेल में मेडिकल यूनिवर्सिटी खोली गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवस्था को ठीक करने में समय लगता है। शुरू में लोगों को थोड़ी दिक्कत हो सकती है लेकिन इसका फायदा सालों तक भावी पीढ़ियों को होता है। शेखपुरा खालसा में परिवार पहचान पत्र योजना लागू होने के बाद 447 नए बीपीएल कार्ड बने हैं। सरकार ने बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए कॉलेज में भी पूरी फीस माफ करने का निर्णय लिया है।

आयुष्मान कार्ड बनाए- शेखपुरा खालसा में आज 21 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 11 लोगों धर्म सिंह, राजू शर्मा, कृष्ण लाल, कृष्णा, ममता, ओमपति, संतरो देवी, महावीर, अमृतजीत और पिंकी देवी के बीपीएल कार्ड बनाए गए। शाहजहानपुर में नौ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सरपंच को जल जीवन मिशन की ओर से अभिनंदन पत्र सौंपा गया।



### मुफ्त गैस कनेक्शन

*शेखपुरा खालसा में उज्ज्वला योजना के तहत आज संगीता देवी और पूजा रानी तथा शाहजहानपुर में बाला देवी व सोनिया को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। इन्हें किया सम्मानित- शाहजहानपुर में विद्यार्थी अंबिका, गौरक्ष, वंशिका और विनय तथा पूर्व सैनिक पवन कुमार को सम्मानित किया गया।*

### ये रहे मौजूद

*शेखपुरा खालसा में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, राजकुमार पालीवाल, नरेंद्र प्रजापत, संजय खैन्ची, प्रवीण, अवतार और शाहजहानपुर में बीडीपीओ प्रशांत, स्वच्छता मिशन की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुसुम, शिवम आदि मौजूद रहे।*

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाएं अधिकारी: डीसी

■ उपायुक्त ने जिला टास्क फोर्स कमेटी की ली समीक्षा बैठक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी अनीश यादव ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि डीटीपी व संबंधित विभाग अवैध कॉलोनियों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाएं। जिला में नई अवैध कॉलोनी किसी भी सूरत में पनपने न दी जाए। नई अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।डीसी अनीश यादव ने डीटीपी को निर्देश दिए कि जिन जगहों पर अवैध कॉलोनी शुरू होती है, उन स्थानों की जानकारी तत्काल संबंधित एसडीएम व तहसीलदार को दी जाए ताकि ऐसी जगहों पर कोई नई रजिस्ट्री न हो सके। इसके लिए डीटीपी, नगर निगम तथा नगर पालिका के अधिकारी पूरी सजगता के साथ कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्य मार्ग तथा अधिसूचित सड़क की 30 मीटर परिधि के अंदर सड़क के नजदीक निर्माण का कार्य न होने दें।

### निर्देश दिए

बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जब भी डीटीपी व संबंधित विभाग अवैध कॉलोनियों के लिए ड्राइव चलाए तत्काल पुलिस टीम उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त अवैध कॉलोनियां बनाने वालों पर पुलिस कार्रवाई की जाए। इनके चालान जल्द से जल्द पेश किए जाए। उन्होंने नगर पालिका व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनके अधीन पड़ने वाले क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां काटने वालों के खिलाफ नोटिस के उपरांत एफआईआर दर्ज करवाएं।

# योगेंद्र राणा के दूसरी बार भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

■ ब्राह्मण सभा के प्रधान ने जिला अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनने पर योगेंद्र राणा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते राजपूत व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी ने योगेंद्र राणा को दूसरी बार करनाल जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसे लेकर सर्व समाज में खुशी की लहर है। वीरवार को राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजपूत सभा के पदाधिकारियो और ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बडोता ने जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की योगेंद्र राणा ने पहले कार्यकाल में सभी 36 बिरादरी के लोगो को साथ लेकर पार्टी के साथ जोड़ने का कार्य किया। वह पार्टी का कार्य करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे है। उनकी मेहनत के कारण ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन पर विश्वास जताते हुए दोबारा जिला अध्यक्ष बनाया है जिससे राजपूत समाज के साथ-साथ सभी 36 बिरादरी में खुशी का माहौल है। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने अन्य जिलों में भी राजपूत समाज के लोगों को जिला अध्यक्ष बनाया है तथा प्रदेश की कार्यकारिणी में भी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है, इसके लिए राजपूत समाज पार्टी का आभार व्यक्त करता है। वही योगेंद्र राणा ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश संगठन मंत्री हनीश्वरनाथ शर्मा, सांसद संजय भाटिया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और साथ ही कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के सिपाही है, पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत करते रहेंगे। राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह, ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बड़ोता, वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप चौहान नंबरदार, महासचिव बृजपाल राणा ऊंचा समाना, अनिल चौहान बीजना, राजिंदर राणा ऊंचा समाना, कृष्ण राघव, मेहर सिंह अमृतपुर, देवेंद्र राणा सरपंच अमृतपुर, सोहन सिंह कोयर, नायब सिंह कोयर, परवीन सरपंच, देवेंद्र सिंह कोयर, दीपक राणा कैरवाली, सतीश तंवर उचाना, सतपाल राणा उचाना, विवेक राणा, ऐडवोकेट सिद्धार्थ बीजना, ऐडवोकेट अखिल प्रताप सिंह रहे।

# करनाल में भाजपा नेता के घर ईडी की रेड, मची अफरा-तफरी

■ अंदर-बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात, मेयर चुनाव में बड़ा चेहरा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

**करनाल।** करनाल के सेक्टर 13 स्थित भाजपा नेता एवं मेयर प्रत्याशियों में प्रबल दावेदार मनोज वधवा के घर पर ईडी की रेड पड़ी है। ईडी की रेड से पूरे शहर में खलबली सी मच गई है। ईडी के रेड के दौरान न तो किसी की घर में एंट्री हो रही है और न ही कोई घर का सदस्य बाहर आ पा रहा है। सुबह 6 बजे ही ईडी के अधिकारियों ने मनोज वधवा के घर दस्तक दी। टीम द्वारा घर के अंदर दस्तावेजों और रिकॉर्ड व अन्य स्थानों को खंगाला जा रहा है। मनोज का यमुनानगर में माइनिंग का कारोबार है।मेयर चुनावों में मनोज वधवा एक बड़ा चेहरा रहे है। उन्होंने पहले भी चुनाव लड़े है और अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दी है। वर्ष 2019 में मनोज वधवा ने अपनी पत्नी आशा वधवा को मेयर प्रत्याशी के रूप में उतारा था। वर्ष 2014 में मनोज वधवा ने स्वयं इनेलो की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन अब मनोज वधवा भाजपा पार्टी में है और आने वाले मेयर चुनावों की तैयारी कर रहे है। वहीं अगर हम बात करे तो मनोज वाधवा एक बिजनेसमैन भी है और माइनिंग का काम भी करते है।बीते दिनों मनोज वधवा ने शहर में होर्डिंग लगाकर चुनावी माहौल गर्म कर दिया था।

# रक्तदान कर हम बचा सकते है कई जिंदगियां

■ दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर, 70 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज़ करनाल



**करनाल।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए युवा कांग्रेस हरियाणा के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा। फोटो :हरिभूमि

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन के अवसर पर करनाल की जाट चौपाल जाट्टान गेट में युवा कांग्रेस की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर युवा नेता अंशुल लाठर, अमनदीप व सूरज लाठर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस हरियाणा के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में करनाल जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघबीर संधु, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना, रानी कांबोज व सिकंदर संधु पहुंचे। युवाओं ने 70 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा राजनीति में युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। वह राजनीति के जरिए समाज सेवा करने का काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा का युवा वर्ग कांग्रेस के साथ कंधे कंधा मिलाकर चल रहा है। दीपेंद्र हुड्डा की दीर्घायु व ताउम्र स्वस्थ रहने की कामना के साथ रक्तदान शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम कई जिंदगियां बचा सकते हैं और इससे बड़ा पुण्य कार्य और नहीं हो सकता। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह, रघबीर संधु, अशोक खुराना, रानी कांबोज व सिकंदर संधु ने रक्तदान करने पहुंचे युवाओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।

## रेलवे अंडरपास पर शेड का शिलान्यास 6 जनवरी को

**घरौंडा।** पिछले काफ़ी वर्षो से रेलवे अंडरपास पर शेड का निर्माण होने की मांग सिरे चढ़ गई है। जिसका शिलान्यास 6 जनवरी को विधायक हरविंदर कल्याण करेंगे। शेड का निर्माण होने से लोगों को बारिश के समय जल भराव से निजात मिलेगी। जिसका निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग लगभग एक़ करोड़ 32 लाख की लागत से करेगा ओर छह माह के अंदर लोगों को सुपर्द कर देगा। बता दे कि काफ़ी वर्षो पहले रेलवे अंडर पास का निर्माण कराया गया था, लेकिन उस समय अंडरपास पर शेड का निर्माण नहीं कराया गया था। जिससे बारिश में अंडरपास में कई -कई फूट पानी जमा हो जाता था। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अंडरपास के लगभग 35से ज्यादा गांवो व आठ से दस शहर की कॉलोनियो के लोगों का आवागमन रहता है। नगरपालिका पंप लगाकर पानी की निकासी करती थी, तब लोगों को राहत मिलती थी ओर उसके बाद वाहन चालकों का सुचारु रुप से आवागमन होता था। जलभराव की समस्या का निदान कराने के लिए लोगों ने विधायक हरविंदर कल्याण से मांग की थी। जिसके चलते लोगों की एक़ पुरानी डिमांड पर मुहर लग गई है।

# प्रदूषण से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर दें हरियाली को बढ़ावा : संदीप गौतम

■ बोले : प्रदूषण के कारण पैदा हो गया है मानव के स्वस्थ जीवन को खतरा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



श्री रामचरितमानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को प्रदूषण मुक्त भारत एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य संदीप गौतम ने स्वयंसेवकों से कहा कि प्रदूषण के कारण मानव के स्वस्थ जीवन को खतरा पैदा हो गया है। व्यक्ति खुली हवा में लम्बी सांस लेने तक को तरस गया है। गंदे जल के कारण कई बीमारियां फसलों में चली जाती हैं, जो मनुष्य के शरीर में पहुंचकर घातक बीमारियां पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से बचने के लिए चाहिए कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं, हरियाली हो। सडक़ों के किनारे घने वृक्ष हों। मुक्ता शर्मा द्वारा स्वयंसेवकों को अपने आसपास सफाई रखने के लिए एवं अपने देश को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास सफाई रखें और महात्मा गांधी के सपने को पूरा करें। स्वयंसेवक ने प्रदूषण पर निबंध भी लिखे। इस अवसर पर अखिलेश गौतम, गीता रानी व सुमन चौहान आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों के मुखियाओं को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

■ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण करने को लगाया प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** खंड संसाधन कार्यालय इंद्री में स्कूलों के मुखियाओं को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी । फोटो :हरिभूमि

खंड संसाधन कार्यालय इंद्री में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012( पॉक्सो एक्ट) बारे व्यापक जानकारी देने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी अंजू सरदाना की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में स्कूलों के मुखियाओं के तीसरे बैच को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने कहा कि अध्यापक का जीवन समाज व राष्ट्र के लिए आदर्श होता है,परन्तु हाल में कुछ स्कूलों तथा समाज में घटी अशोभनीय, निंदनीय घटनाओं ने पारिवारिक लोगों तथा अध्यापक के व्यवहार और चरित्र को कलंकित करने का काम किया है । उन्होने अध्यापकों से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों के अभिभावक अपने सगे संबंधियों से अधिक अध्यापकों पर विश्वास करते हैं तथा बच्चों को स्कूलों में हर तरह से सुरक्षित मानते हैं उन्होंने कहा कि इस गहरे विश्वास को तोड़ने वाले शिक्षक, शिक्षक कहलाने के काबिल नहीं हो सकते । उन्होंने कहा कि बच्चे अध्यापक के बहुत नजदीक रहकर जीवन में सफलता के गुर सीखते हैं । उन्होंने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार पोक्सो एक्ट की अनुपालना के लिए सभी स्कूलों में बाल अपराध उत्पीडऩ रोकथाम कमेटियों का गठन कर सभी, बच्चों, अभिभावकों तथा समाज को जानकारी देनी होगी । मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र चौधरी तथा कविता कांबोज ने पोक्सो एक्ट की बारीकियों की विस्तार से जानकारी दी । इस शिविर मे धर्मबीर लठवाल,देवेंद्र, जगदीश, अनुज वर्मा , राजीव सैनी, लाभ सिंह, सुरेश, राजीव, पूजा, जीवन रानी, उर्मिला कांबोज रहं।

## खबर संक्षेप



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते पिछड़ा वर्ग के सदस्य।

### भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत किया

**पानीपत।** जिला काष्ट निवारण समिती के सदस्य डॉ. रफल सिंह कश्यप के नेतृत्व में पिछड़े वर्ग के लोगों ने दुष्यंत भट्ट को भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर आज फूलों का गुलदस्ता देकर व लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। वहीं पिछड़ा वर्ग के सदस्यों ने दुष्यंत भट्ट को यह जिम्मेदारी सौंपने पर प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया है।



पानीपत। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए आसरा फाउंडेशन के विद्यार्थी।

### बच्चों के आसरा फाउंडेशन ने जरूतमंदों को बांटे कंबल

**पानीपत।** आसरा फाउन्डेशन द्वारा ब्लैनलेट डस्ट्रिब्यूशन ड्राइव चलाई गई। जिसमें सभी ने योगदान देकर कंबलों के लिए पैसे जमा किए। आज पहली डस्ट्रिब्यूशन साइट पर ब्लैनेट के आर मंगलम वर्ल्ड स्कूल जो पहले द मिलेनियम स्कूल के नाम से जाना जाता था पर काम कर रहे लगभग 100 कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को आसरा फाउन्डेशन ने ब्लैंकेट दिए। आसरा टीम से अनवी शिंगला ने बताया कि टीम द्वारा 500 कंबल बांटने का टारगेट रखा है।

### 4 वर्षीय स्नातक एफ वाईयूपी कार्यक्रम हुआ लागू

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया की इग्नू द्वारा नई शिक्षा निति 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम एफवाईयूपी को लांच कर दिया गया है। पहले फेज में नए वर्ष में 19 प्रोग्राम को लांच किया गया है। यूनिवेर्सिटी के ऐकडेमिक कौंसिल से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इग्नू मुख्यालय की और से प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डिवीजन के द्वारा नए वर्ष में इसकी आधिकारिक सूचना जारी कर दी गयी है।

### नबी की चोट मारकर हत्या करने का छठा आरोपी काबू

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने बतरा कॉलोनी में नबी की चोट मारकर हत्या करने के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई। पुलिस ने बुधवार को उसे डिटेन करने के बाद जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेज दिया गया।

### 42 लाख से बनेगा महावीर दल कम्यूनिटी सेंटर

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड-10 स्थित महावीर दल मंदिर में 42 लाख की लागत से कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण कार्य कराया जाएगा। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने वीरवार को कम्यूनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक विज ने 108 भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## सरकार पर मांगों को अनसुना करने का आरोप

# पटवारी व कानूनगो की दूसरे दिन भी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले जिलेभर के सभी पटवारी व कानूनगो की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी है। हालांकि, हड़ताल 3 दिवसीय सांकेतिक है। एसोसिएशन की मांग है कि पटवारियों के खाली पद भरे जाएं और ग्रेड-पे 32 हजार 100 रुपये किया जाए। वहीं, एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सुदांशु ने कहा कि जब लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश को या तो प्रधानमंत्री चला रहा है या पटवारी चला रहा है। तो ऐसे में हरियाणा सरकार को पटवारियों की जायज मांगें मानने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं करनी चाहिए। सरकार देरी ही नहीं, बल्कि मांगों को अनसुना भी कर रही है। जिसके चलते हड़ताल की जा रही है। अगर, अभी भी मांगें नहीं मानी, तो आगामी कड़ी रणनीति बनाई जाएगी।

### सीएम भी ग्रेड-पे नहीं बढ़ावा पाए

जिला प्रधान मुकेश कश्यप ने बताया कि पटवारियों व कानूनगो के वेतन की विसंगतियां एक साल बीत जाने पर भी दूर नहीं हुई हैं। खुद मुख्यमंत्री भी ग्रेड-पे बढ़ाने की बात पूरी नहीं करवा पाए हैं। अब पटवारी व कानूनगो 5 तक हड़ताल पर रहेंगे। बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी बात नहीं सुनी गई। जिला सचिव दिलावर सिंह ने कहा कि दल्ली के हरियाणा भवन में पिछले साल एसोसिएशन व सीएम की बैठक हुई थी। इसमें सीएम ने 32 हजार 100 रुपए ग्रेड-पे का वादा किया था। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई थी, लेकिन पटवारियों को इसका लाभ आज तक नहीं मिला।

### 10 साल पहले लगे पटवारियों को भी आज वाला वेतन मिल रहा

2013 में लगे पटवारियों को भी वही वेतन मिल रहा है, जो 2023 में लगने वाले का हैं। यह बल्कुिल गलत है। प्रधान मुकेश कश्यप ने कहा कि नायब तहसीलदार की प्रमोशन के लिए विभाग हर साल परीक्षा लेता था। अब 3 साल से कोई परीक्षा नहीं ली गई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, नरेश कुमार, इरफान अली, बलबीर सिंह, महेंद्र कुमार, विजेंद्र सिंह, भीम सिंह, कुलविंदर सिंह, संदीप, सुशील, दिनेश कश्मीरी, लेखराज व अशोक शर्मा मौजूद रहे।

### हड़ताल से ये काम हुए बाधित

हड़ताल के कारण तहसील, पटवारखाना व फील्ड में लोगों के बहुत सारे कामकाज रुक गए हैं, जिनमें जमीन की पैमाइश, रजिस्ट्री, फर्द, जमाबंदी, गिरदावरी की नकल, मौका रिपोर्ट, ऑनलाइन जाति, रिहायशी व आय प्रमाण पत्र समेत अन्य कामकाज बंद हो गए हैं। ॠळ रोड स्थित पुरानी तहसील में बुधवार को दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले पटवारी और कानूनगो धरने पर बैठे। एसोसिएशन के जिला प्रधान मुकेश कश्यप ने कहा कि पानीपत जिले में पटवारियों के 74 पद हैं। इनमें से 55 पदों पर पटवारी कार्यरत हैं। बाकी बचे सभी 19 पदों का काम भी हमारे ऊपर ही अतिरिक्त चार्ज के रूप में थोपा हुआ है।



पानीपत। अपना आशियाना वृद्धाश्रम में नयासाल मनाती महिला कल्याण समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## नारी कल्याण समिति ने वृद्धाश्रम में मनाया नया साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

भारतीय महिला कल्याण समिति की सदस्याएं अपना आशियाना वृद्धाश्रम में उनके साथ नया वर्ष मनाने पहुंची। इस समय अपना आशियाना में 6 महिलाएं एवं 27 बुजुर्ग पुरूष निवास कर रहे हैं। जन सेवा दल द्वारा इस वृद्धाश्रम को चलाया जा रहा है तथा इसके पदाधिकारी चमन गुलाटी, कमल गुप्ता व सुभाष कुमार आदि भालि भांति बुजर्गों की सेवा कर रहे हैं और उनकी देखभाल कर रहे हैं। इस अवसर पर समिति द्वारा दो बैड बोक्स वाले अपना आशियाना के लिए प्रदान किए गए। इसके अलावा सभी सदस्यों को फल एवं रिफ्रैशमैंट प्रदान किए गए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष नर्मिल दत्त, सचिव उषा गुप्ता, वीना भाटिया, किरण मुखिजा, प्रभा जैन, सुमत्रि अहलावत, मंजू गुलाटी व कमलेश अरोड़ा आदि उपस्थित रही।

## खुखराना को शिफ्ट करने में कोताही न बरतें अधिकारी : डॉ. वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने खुखराना गांव को शिफ्ट करने के मामले को लेकर आज अधिकारियों को जिला सचिवालय में आवश्यक दिशानिर्देश दिए और कहा कि जल्द से जल्द गांव वासियों को प्रोपर्टी कार्ड वितरित कर उन्हें शिफ्ट करवाएं। उन्होंने तहसीलदार और बीडपीओ को कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महीने में बिजली की व्यवस्था हो जानी चाहिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से भी उनके कामों के बारे में जानकारी ली और लम्बित कामों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव वासियों को शिफ्टिंग में किसी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए। बैठक में मौजूद गांव की सरपंच से भी उपायुक्त ने बात की और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का तय समय अवधि में निदान किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि लाल डोरे के अन्दर और बाहर हर प्रकार के प्लाटों की विस्तिृत रिपोर्ट के आधार पर ही गांव वासियों को प्रोपर्टी कार्ड बनाकर दिए जाएं। इस अवसर पर पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, बीडीपीओ सुरेन्द्र खत्री, खुखराना गांव की सरपंच सीमा देवी व सम्बंधित विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## वर्ष 2023 में 19 हजार 421 वाहनों के किए चालान

- सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पानीपत पुलिस प्रतिबद्ध : शेखावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2023 के दौरान जिला पुलिस ने हाइवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 19 हजार 421 वाहनों के चालान किए है। पानीपत यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है। इसमें ट्रकों के 15695, बसों के 617 और 3109 अन्य वाहनों के चालान किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शेखावत ने बताया कि हाईवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती हैं। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन नर्धिारित की गई है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने वालों के चालन किए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर टोल प्लाजा के नजदीक वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से अपील की

एसपी शेखावत ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला में यातायात नियमों की अवहेलना करते पाए जाने पर भविष्य में 283 आईपीसी के तहत भी निवारक कानूनी कार्रवाई भी जिला पुलिस द्वारा अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक शेखावत ने इसके साथ ही वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा की वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फाग लाइट का प्रयोग करें। यह धुंध को काटने में मददगार साबित होती है। उन्होंने कहा कि कोहरे में सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हेड लाइट को हाई बीम पर न रखें, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखें। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। वाहन चलाते समय कही मुड़ना है तो काफी पहले से इंडिकेटर दें। जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। अगर किसी वाहन में तकनीकी खराबी हो जाती है तो उक्त वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और उसके इंडिकेटर जलाएं।

## अंसल वासियों के लिए विधायक ने लड़ी लम्बी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अंसल पहुंचे हरपाल ढांडा का स्वागत करते अंसल वासी। फोटो : हरिभूमि

अंसल में पिछले काफी समय से चली आ रही मांग पर पानीपत ग्रामीण विधायम महीपाल ढांडा के प्रयास से तैयार किए गए बिजली के 11 केवीए प्लांट का आज शुभारंभ विधायक के बड़े भाई हरपाल ढांडा द्वारा किया गया। हरपाल ढांडा ने कहा कि इसके शुरू हो जाने से काफी लम्बे समय से चली आ रही अंसल वासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। हरपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार,मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधायक महीपाल ढांडा का पूरा प्रयास रहता है कि जनता को कोई परेशानी न हो। अंसल में बिजली के 11 केवीए के प्लांट के लगाने में बहुत कानूनी अड़चने थी पर विधायक महीपाल ने अंसल वासियों की इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लिया तथा लम्बी लड़ाई लड़ते हुए काफी मेहनत के बाद आखिरकार इसे लगवाया गया। इसके लिए मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाना पड़ा था। वहीं यहां पहुंचने पर हरपाल ढांडा का असंल वासियों द्वारा फूल मालाओं व गुलदस्तों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधान एआरडब्ल्यूए मनु देव, एसके राणा, गोबिंद लाल कुकरेजा, अमित वर्मा, आनंद मलिक, सुरभि शर्मा, सुरेश गुंबर, विनोद गोयल, एस के बंसल, राजीव जैन, मनीषा गांधी, कविता अरोड़ा, जितेंद्र अहलावत, मनोज अस्थाना आदि उपस्थित थे। इसके बाद हरपाल ढांडा का जलपान का प्रोग्राम अमित वर्मा के घर पर रखा गया। यहां प्रधान मनु देव ने अपनी टीम के साथ एक ज्ञापन सौंपकर मांग की कि अंसल की 24 फूटी रोड का नर्माण कराया जाए। हरपाल ढांडा ने इसे जल्द सें जल्द बनवाने का वायदा किया तथा अन्य किसी समस्या के लिए भी हाजिर रहने का वादा किया।

## मोदी ने किया किसानों का लाभ दुगना

- हर एक आदमी का 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कार्ड बनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। गांव सिवाह में सरपंच प्रतिनिधि रणदीप कादियान को सम्मानित करते हुए विधायक महीपाल ढांडा।

पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने आज गांव नांगल खेड़ी व सिवाह में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश.प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार ने किसानों का लाभ दुगना करके साबित कर दिया है कि सरकार किसान हितैषी है। आयुष्मान योजना के तहत हर एक आदमी का 5 लाख का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर हर व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता की है और घर-घर पहुंचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत वर्ष 2047 तक आत्मनर्भिर और विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी सिवाह के पूर्व सरपंच रणदीप कादियान तथा गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्री सिद्ध बाबा डिगर नाथ की समाधि पर भंडार आयोजित

**इसरान।** हल्का इसराना के गांव मतलौडा में श्री सिद्ध बाबा डिगर नाथ की समाधि स्थल पर समस्त ग्रामीणों द्वारा विशाल भंडार का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सिद्ध बाबा डिगर नाथ की समाधि स्थल पर पिछले पांच सालों से बाबा खड़े योगी बाबा महेश नाथ की तपस्या कर रहे थे। योगी बाबा महेश नाथ की तपस्या पूर्ण होने पर समस्त मतलौडा वासियों द्वारा विशाल भंडार का आयोजन किया गया। भडारे में दूर-दूर से संत, महात्मा, योगी बाबा एवं नाथ सम्प्रदाय से जुड़े साधु पहुंचे। विशाल भंडार में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर पीठ के चांसलर एवं अलवर के पूर्व सांसद और राजस्थान की तिजारा विधानसभा के विधायक महंत बाबा बालकनाथ भी पहुंचे थे। इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ समाज सेवा समिति इसराना का एक प्रतिनिधिमंडल महंत बाबा बालकनाथ से मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि आपकी मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास भेजकर हल किया जाएगा।



बाबा बालकनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करतें हुए महादेव गोशाला अहर संरक्षक बलवान शर्मा।

## स्वयंसेवकों को दी आगजनी से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को आगजनी से बचाव की जानकारी देते हुए फायर फाईटर धर्मेंद्र। फोटो : हरिभूमि

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सात दिवसीय शिविर के आज पांचवे दिवस का आयोजन किया गया। जिसमेंमुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पूर्व प्राचार्या सुशीला घनगस रही तथा विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या परिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत रही। प्राचार्य मनीष घनगस तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि सुशीला घनगस ने कहा कि भारतीय संस्कृति जो पूरे देश में जानी जाती है। एनएसएस के शिविर में स्वयंसेवकों को समाजसेवा,देशभक्ति व संस्कृति के बारे में सिखाया जाता है। विशिष्ट अतिथि सुमत्रि अहलावत ने कहा कि जीवन के हर दौर में अनुशासन आवश्यक है और यह एक सभ्य समाज की नींव है। यह न केवल हमें एक जिम्मेदार इंसान बनने में मदद करता है बल्कि हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करता है। सांयकालीन सत्र में फायर सेफ्टी विभाग के फायर फाइटर धर्मेंद्र ने एनएसएस स्वंयसेवकों को फायर एंड सैफ्टी विषय से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अग्निशमक यंत्र का प्रयोग कैसे किया जाता है और सिलेंडर जब आग पकड़ ले तो उससे स्वंय की सुरक्षा कैसे की जा सकती है।

### जिला प्रशासन ने नगर निगम के प्रतिनिधियों के साथ एक टीम की भांति काम किया : कौर

# मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- जिला प्रशासन का सहयोग हमें निरन्तर पांच सालों तक मिला

पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर निगम की मेयर अवनीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, और डिप्टी मेयर रविंद्र फूले को आज जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, नगर निगम आयुक्त राहुल नरवाल एवं अन्य अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन ने नगर निगम के प्रतिनिधियों के साथ एक टीम की भांति काम किया। जब हम एक टीम के रूप में काम करते हैं तो उसका परिणाम हमेशा जनता की जरूरत के हिसाब से ही आता है। उन्होंने कहा कि यह विदाई समारोह नहीं बल्कि एक सम्मान समारोह है। मेयर अवनीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने हमें खूब सहयोग दिया, चाहे गौवंश को पकड़कर नैन गोशाला ले जाने की बात हो या फ्लाईओवर पर कट खोलने की बात हो हमारी हर बात को प्रशासन ने सिरे चढ़ाया है। हम इसके लिए जिला प्रशासन के हमेशा धन्यवादी रहेंगे। सीनियर डिप्टी मेयर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि जिला प्रशासन का सहयोग हमें निरन्तर पांच सालों तक मिला। आगे भी यह सहयोग हमें यूंही हमें मलता रहेगा इसकी हमें उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि पानीपत की मेयर प्रत्याशी अवनीत कौर ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी और भारत में सबसे युवा मेयर बनी थी। मेयर बनने के तुरंत बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलाकर उन्हें बधाई दी थी। भारतीय जनता पार्टी ने अवनीत कौर की कार्यप्रणाली को देखते हुए ओबीसी मोर्चा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया था। इस मौके पर एडीसी वीना हुड्डा, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मनी आदि उपस्थित रहे।




पानीपत। पूर्व मेयर अवनीत कौर को सम्मानित करते उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

## विजय जैन नव वर्ष की शुभकामनाएं दी

- सैकड़ों युवाओं ने विजय जैन के कार्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। भाजपा पार्षद विजय जैन को नववर्ष की बधाई देते पानीपत ग्रामीण की कालोनियों के युवा। फोटो : हरिभूमि

बिजेंदर राणा और मोंटी राणा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने ग्रामीण हलके के भाजपा पार्षद एवं वरिष्ठ समाजसेवी विजय जैन के कार्यालय में पहुंचकर उनको नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और हर संभव साथ देने का वादा किया। वहीं युवाओं ने विजय जैन का फूल मालाओं और बुके देकर स्वागत किया। युवाओं को संबोधित करते हुए पार्षद विजय जैन ने कहा है कि युवा शक्ति ने मुझे जो प्यार व आशीर्वाद दिया है उसका वह सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिसके साथ युवा शक्ति जुड़ जाती है उसको चुनाव में कोई हरा नहीं सकता। उन्होंने कहा है कि आप युवाओं के सहयोग और आशीर्वाद से आज मुझे जो ऊर्जा मिली है मैं उसको सदैव याद रखूंगा और सदैव आपके दुःख सुख में साथ खड़ा रहुंगा। उन्होंने कहा कि पानीपत ग्रामीण हल्के की बाहरी कॉलानियों में जो गरीब जनता बसती है उनके लिए सदैव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहकर कार्य कर रहा हूं और हमेशा करूंगा। वहीं युवा नेता मोंटी राणा ने कहा है कि विजय जैन एक सच्चे समाजसेवी व्यक्तत्वि के धनी हैं।

उन्होंने थोड़े ही समय में अपनी मेहनत लगन और जन सेवा के बल पर ग्रामीण हलके के लोगों के दिल में विशेष जगह है बना ली है। आने वाला समय विजय जैन का है।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर केशव प्रसाद, सतीश राणा, मन्नू, मनीष, सचिन, सागर, रवद्रिं शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मोहन लाल, उमेश कोबा, दीपक तोमर, राजीव, अंकित अग्रवाल, जयप्रकाश त्यागी, रमेश दांगी, राहुल व जगन सैनी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज मामले में वांछित आरोपी ईशरर उर्फ छोटा को न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। अब पुलिस ने आरोपी को दोबारा काबू किय है। आरोपी अपने खिलाफ दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। एक अन्य मामले में पुलिस ने आरोपी अब्दुल वहाब को काबू किया है। उसे भी पीओ घोषित किया गया था। दोनों आारोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### कबूतरबाजी के मामले में काबू

**अंबाला ।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय उपाध्याय उर्फ बिजू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पीड़ति महिला ने 8 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2023 से 30 जून 2023 के दौरान आरोपी विजय उपाध्याय उर्फ बिजू ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। टोबा गांव के राजबीर सिंह ने 19 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 दिसंबर 2023 को जय अंबे फिलिंग स्टेशन महमूदपुर में आरोपी कार चालक ने कार में तेल डलवाकर रूपये न देने की धोखाधड़ी की है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से चोरी के मामले में सीआईए वन ने आरोपी रवि कुमार व आरोपी कुलबीर सिंह को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व छह गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। गांव राउ माजरा के गुलफान ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नारायणगढ के सरकारी पेट्रोल पंप से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ काका व हरदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिय है। चंद्रपुरी की गढ़वाल धर्मशाला के रहने वाले मनीष ने 13 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रवि, हरदीप सिंह व अन्य ने उससे मारपीट कर बेहोश कर दिया।

### शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन की शुरूआत गायत्री मंत्र के पाठ व योग से हुई। उसके बाद छात्रों द्वारा एनएसएस गीत गाया गया। छात्रों को ध्यान के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया और छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन किया गया। कैंप आफिसर कुलदीप सिंल ने बताया कि कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण पर आयोजित विशेष चर्चा में भाग लेने व अपने विचार रखने का मौका मिला।

---

दोनों जगह अधिकारियों को जरूरी बंदोबस्त करने के दिए निर्देश

# राधा कृष्ण बाल आश्रम और वात्सल्य किशोरी कुंज का डीसी ने किया निरीक्षण

दोनों केंद्रों की विस्तार से जानकारी भी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

उपायुक्त डॉ. शालीन ने वीरवार को राधा कृष्ण बाल आश्रम तथा वात्सल्य किशोरी कुंज का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम सी जया शारधा तथा संबंधित विभाग की अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने इन संस्थानों में रह रहे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा खाने व ठहरने आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि बाल देख रेख संस्थान की स्थापना समाज के उपेक्षित बेसहारा व निराश्रित बच्चों की उचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य, अच्छे संस्कार देकर उनका समग्र करने जैसे उद्देश्य से किशोर न्याय अधिनियम के तहत की गई है। ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर देश के विकास में अपना योगदान दे सके। इन सभी के लिए जरूरी है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों एवं इच्छा शक्ति का सृजनात्मक विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पहले राधा कृष्ण बाल आश्रम में पहुंचे और



**नारायणगढ़।** निरीक्षण करते उपायुक्त डॉ. शालीन।

■ सभी के लिए जरूरी है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों एवं इच्छा शक्ति का सृजनात्मक विकास हो सके

वहां पर रह रहे बच्चों की संख्या तथा उनके लिए किस प्रकार की व्यवस्थाएं संस्था द्वारा की गई है, इस बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की। राधा कृष्ण बाल आश्रम बाल देखरेख संस्थान के संचालक जिला युवा शक्ति संगठन नेकनावां के अध्यक्ष बलजिंद्र सिंह ने उपायुक्त को बताया कि इस समय इस बाल आश्रम में 16 बच्चे रह रहे है और इनके यहां ठहरने व खाने आदि की बेहत्तर व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे यहां आते है उनकी काउंसलिंग भी की जाती है। इसके लिए संस्था द्वारा महिला कांउसलर की व्यवस्था भी की गई है। बच्चे स्कूल भी जाते है और इनकी शिक्षा व खेलकूद आदि की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि लोगों से प्राप्त होने वाले दान के अलावा संस्था को सरकार से भी वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। इसके उपरांत उपायुक्त डॉ. शालीन ने वात्सल्य किशोरी कुंज बालिका आश्रम का दौरा किया। उन्होंने वहां पर रह रही बालिकाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### गुरूजी की प्रेरणा से वात्सल्य किशोरी कुंज बालिका आश्रम खोला

महर्षि कश्यप नवजवान सभा के प्रधान चेतन ने उपायुक्त को बताया कि उनकी संस्था द्वारा वात्सल्य किशोरी कुंज 2022 से संचालित है। इस समय छह बालिकाएं यहां रह रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने गुरूजी की प्रेरणा से यह वात्सल्य किशोरी कुंज बालिका आश्रम खोला है। एसडीएम सी जया शारधा ने उपायुक्त को बताया कि वे भी समय समय पर इन दोनों बाल देख रेख संस्थानों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं व प्रबंधों को जायजा लेती है।मौके पर एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. रूपिंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी तथा डीसीपीओ सुमन रानी राधा कृष्ण बाल आश्रम के महासचिव सोहन लाल शर्मा, अधीक्षक राजिंदर सिंह रावत, शुभम शर्मा, भानु शर्मा, इंद्रजीत सिंह, मीनाक्षी सैनी, रचना मिश्रा, सोनू भी मौजूद रही।

---

## राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने लड्डू बंटकर जताई खुशी



**अंबाला।** राहगीरों को लड्डू बांटते कांग्रेसी नेता अशोक बूंदी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व ऑटो चालक कल्याण समिति के चेयरमैन अशोक बूंदी ने वीरवार को अपनी टीम के साथ मिलकर लोगों को लड्डू बांटे। बूंदी ने कहा कि मैं ओर मेरी पूरी टीम भगवान से दीपेंद्र हुड्डा की लंबी आयु की कामना करते हैं।

दीपेंद्र हुड्डा ऐसे नेता हैं जिन्होंने हमेशा जनता के हित के लिए प्रदेश में काम किया। वह दिन रात मेहनत कर जनता की आवाज को उठाने का प्रयास करते हैं। प्रदेश के हर तबके की आवाज को ऊपर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में प्रदेश की कमान भी संभालेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा दीपेंद्र हुड्डा को चाहते हैं। उसका कारण यह है कि दीपेंद्र हुड्डा युवाओं के लिए एक बड़ा चेहरा है। वह जनता के दिलों में बसते हैं और लोगों के बीच जाकर एक नई ऊर्जा भरते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार कांग्रेस को आगे लाने में दीपेंद्र हुड्डा का अहम योगदान है। ऐसे नेता पर हमें गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर कई यूनियन नेता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 20 लाख लेकर कनाड़ा भेजने की बजाय भेज दिया कंबोडिया

■ एजेंट पर महिला की शिकायत पर केस दर्ज , आरोपी ने दफ्तर व मोबाईल सब कुछ कर दिया बंद

**बराड़ा।** एक एजेंट पर महिला ने अपने बेटे को कनाड़ा भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता कमलजीत कौर पत्नी कुलदीप सिंह के मंधार जिला यमुनानगर ने अपनी शिकायत में बताया कि मोती लाल नजदीक सांई पेट्रोल पंप लोगों को बाहर भेजने का काम करता है। महिला भी अपने बेटे मनप्रीत को कनाड़ा भेजना चाहती थी। इसी सिलसिले में वह वर्ष साल 2020 में मोती लाल के ऑफिस में गई। अपने बेटे को विदेश (कनाडा) भेजने बारे उससे बातचीत की। मोतीलाल ने बेटे को बहर भेजने का सारा पच्चीस लाख रूपये बताया। जो कि महिला ने उसे धीरे-धीरे पैसे देना शुरू कर दिया। महिला ने बताया कि वह अब तक आरोपी को 20 लाख रूपये अदा कर चुकी थी। जिसमें से कुछ रकम नकद व कुछ रकम ऑनलाईन ट्रांसफर कर दी गई थी।

---

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीराम यात्रा 14 को

■ श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए गृह मंत्री अनिल विज सहित 22 के उपरांत हजारों भक्तों के साथ जाएंगे अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं उद्घाटन के उपलक्ष्य पर अंबाला छावनी में आगामी 14 जनवरी को भव्य "श्रीराम यात्रा" का आयोजन किया जाएगा। विज वीरवार दोपहर को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में "श्रीराम यात्रा" की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 को श्रीराम यात्रा प्रात : 11 बजे सुभाष पार्क से पैदल निकाली जाएगी जोकि छावनी के सदर बाजार एवं अन्य क्षेत्रों से होती हुई वापस सुभाष पार्क में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान पैदल चलते हुए भजनों पर रामलला का गुणगान करेंगे। यात्रा में बढ़चढ़ कर शामिल होने के लिए सभी वर्गों से आह्वान किया जाएगा। बैठक के दौरान श्रीराम यात्रा के आयोजन को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी गई। विज ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 22 जनवरी को शुभारंभ एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद एसी स्पेशल ट्रेन अयोध्या यात्रा के लिए छावनी से अयोध्या के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन में छावनी से हजारों भक्त श्रीराम मंदिर दर्शनों के लिए इस ट्रेन में रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे से बातचीत की जा रही है और जल्द ही स्पेशल ट्रेन चलाने की तारीख तय की जाएगी। ट्रेन में पैंट्री एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ट्रेन से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर रामलला के दर्शनों हेतु अंबाला छावनी से अयोध्या के लिए रवाना होगी।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद गृहमंत्री अनिल विज।

### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान जसबीर जस्सी, ललित चौधरी, ओम सहगल, किरणपाल चौहान, किरपाल सिंह अरोड़ा, अजय बवेजा, ललता प्रसाद, मदनलाल शर्मा, बब्बू सोनी, रामबाबू यादव, अनिल कौशल, बलविंद्र सिंह शाहपुर, सुदर्शन सिंह सहगल, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, नीलम शर्मा, राजीव जैन, डब्बू बिंद्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कटरा से दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू, दो मिनट का होगा ठहराव

■ ट्रेन नंबर-22478 कटरा से सुबह 6 बजे चल कर सुबह 11.44 बजे अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जम्मू के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की आवाजाही शुरू हो गई है। ट्रेन नंबर-22478 कटरा से सुबह 6 बजे चल कर सुबह 11.44 बजे अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इसके बाद यह ट्रेन अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से रवाना होकर दोपहर 2 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन नंबर 22477 नई दिल्ली से दोपहर बाद 3 बजे चल कर शाम 5.10 बजे अंबाला कैंट स्टेशन पर आएगी। रात 11 बजे यह ट्रेन कटरा पहुंचेगी। बीच रास्ते ट्रेन का ठहराव जम्मू, लुधियाना और अंबाला कैंट रेलवे स्टेशनों पर 2-2 मिनट के लिए होगा। बता दें कि वंदे भारत एक्सप्रेस माता वैष्णो देवी के दर्शन करने श्रद्धालुओं के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। राज्य के साथ दिल्ली, यूपी व पंजाब से हर साल लाखों श्रद्धालु माता वैष्णो देवी मंदिर में मत्था टेकने जाते हैं।

खास बात यह है कि वंदे भारत कटरा से नई दिल्ली तक का 655 किलोमीटर सफर मात्र 8 घंटों में कवर करेगी। इस रूट पर अधिकतर गाड़ियों में वेटिंग टिकट ही मिल पाती थी,लेकिन एक और वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से यात्रियों का काफी राहत मिली है। कटरा से नई दिल्ली के बीच में चार जनवरी से शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस में एग्जिक्यूटिव का किराया 3055 रुपए है, जबकि चेयरकार का किराया 1665 रुपए है। यह ट्रेन जम्मू तवी, लुधियाना, अंबाला और नई दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन की एग्जिक्यूटिव क्लास की लगभग सभी टिकटें बुक हो चुकी हैं। अगर अंबाला कैंट से किराए की बात करें तो एसी कोच के लिए 1300 रुपए होगा। कटरा से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन सप्ताह के 6 दिन होगा। ट्रेन बुधवार को नहीं चलेगी। बता दें कि रेलवे की ओर से 6 जनवरी से अमृतसर से पुरानी दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाएगा।

---

## गन्ना किसानों का धरना जारी



**नारायणगढ़।** गन्ना किसानों का धरना 27 दिसंबर से जारी है। किसान घने कोहरे व धुंध के बावजूद भी धरने पर डटे हैं। इसी बीच वीरवार को किसानों को कर्मचारी संगठन सर्व कर्मचारी संघ का समर्थन मिला। उससे जुड़े कर्मचारी धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों के साथ का आश्वासन दिया। क्षेत्र के भी अनेक गांव से भी किसान धरना पर पहुंच रहे हैं। किसान विक्रम राणा ने बताया कि किसानों के साथ धोखाधड़ी के मिल के अनेक मामले हैं। किसानों को पेमेंट के चेक देकर प्रशासन और सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर मिल कुर्क हो जाता है तो उनके चेक के क्या मायने। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की सरकार की कानूनी जिम्मेदारी है कि वह सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सामने अपने वकीलों के माध्यम से किसानों का पक्ष रखें। मिल में हुए घोटाले की बड़े लेवल की जांच कारवाए। उन्होंने कहा कि किसानों का पहला हक मिल नीलामी के पैसे से बनता है। यह भी कहना उचित नहीं है कि आगे जो खरीदार होगा उसे किसान अपने पैसे लेंगे। किसानो की सरकार को शुद्ध लेनी चाहिए।

## स्वंयसेवकों को ऑर्गेनिक फार्मिंग की दी जानकारी

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योग व पीटी से हुई। कैंप में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने मेडिटेशन योगा करवाकर योग का महत्व बताया और विद्यार्थियों को भी अपने परिवार के लोगों से भी नियमित योग करने के लाभों के बारे में बताने की अपील की। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने मिलकर स्टेज के पास के वाले लोन, स्कूल की लैब, कमरों व प्रांगण की सफाई की। स्कूल में खाली पड़ी जगहों में पौधे लगाएं गए और विद्यार्थियों को पौधरोपण व पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। कैंप में स्वंयसेवकों को पौधों के रख-रखाव, ऑर्गेनिक फार्मिंग के लाभ व केंचुए की खाद आदि तैयार करने के लिए के लिए भी प्रेरित किया गया।

## मियांपुर-टोका में संकल्प यात्रा का स्वागत

■ जिप चेयरमैन लाड़ी बोले केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग का हो रहा है भला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मियांपुर तथा टोका में किया गया। गांव मियांपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने तथा गांव टोका में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। जिप चेयरमैन राजेश लाडी ने गांव मिंयापुर में 5 लाख तथा गांव टोका में 4 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। इससे पहले भी उन्होने 8 लाख रूपये की राशि विकास कार्यो के लिए गांव टोका को उपलब्ध करवाई गई है। लाडी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार के विगत नौ वर्ष गरीब कल्याण के वर्ष रहे हैं। इस दौरान गरीबों के घरों में शौचालय बनाए गये, पक्के घर दिए गए, स्वच्छ जल हेतु जल जीवन मिशन योजना व हर घर नल से जल योजना चलाई गई। सरकार द्वारा किसानों के हित में किसानों के खाते में 6-6 हजार रुपये प्रतिवर्ष डाले जा रहे हैं ताकि किसान बीज, खाद के लिए आत्मनिर्भर हो सके। इसके अलावा, गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए गए जिन खातों में सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सहयोग राशियां डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान बिना किसी परेशानी के सरल तरीके से अपनी फसल को मंडी में बेच सके इसके लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से उन्हें समयबद्ध तरीके से फसलों की खरीद का भुगतान किया जा रहा है। वहीं किसानों की फसल को किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व खराब हुई फसल की त्वरित रूप से सूचना देने के लिए सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल की शुरुआत की गई है।



**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान महिला को सम्मानित करते जिप चेयरमैन लाड़ी व अन्य।

---

## धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ पीडिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी आरोपी ने उससे फोन पर बात करके अपने झांसे मे फंसा कर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का बात कही थी।

थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर व विशाल को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिय है। पीडित महिला ने 7 सितंबर 2023 शिकायत दर्ज करवाई थी आरोपी ने उससे फोन पर बात करके अपने झांसे मे फंसा कर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का बात कही थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

बूथ अध्यक्ष से शुरू किया था पार्टी में सफर, कई पदों से होते हुए बने जिलाध्यक्ष

# भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर राणा की हुई ताजपोशी

■ जिप चुनाव में पार्टी की जीत का लहरा चुके हैं परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा ने उपाध्यक्ष मनदीप राणा की अब जिला अध्यक्ष के पद पर ताजपोशी हो गई।पार्टी की ओर से राजेश बतौरा को हटाकर राणा को नया अध्यक्ष बनाया है। राणा की गिनती अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल के करीबियों मे होती है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने विधायक आवास पर ढोल बजाकर मनदीप राणा का अभिनंदन किया। इसके तुरंत बाद ही राणा गृहमंत्री अनिल विज का आशीर्वाद लेने पहुंचे। लखनौर साहिब के रहने वाले मनदीप राणा पार्टी में कई पदों पर रहे हैं। वर्तमान में वे जिला उपाध्यक्ष के पद पर थे। राणा ने साल 2009 में भाजपा में शामिल हुए थे। इसके बाद मनदीप राणा बूथ अध्यक्ष रहे। फिर बलाना मंडल के महामंत्री और फिर मंडल अध्यक्ष बने। मनदीप राणा जिला परिषद सदस्य भी रहे। मनदीप राणा एक बार जिला परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव भी राणा अपनी सीट बचाने के लिए मैदान में उतरे थे। मगर इस बार उनक सामना आप नेता मक्खन सिंह लबाना से हो गया। कड़ी टक्कर में राणा चुनाव हार गए। चुनाव में मक्खन सिंह लबाना को 5 हजार 59 वोट मिले थे जबकि मनदीप सिंह राणा को 734 वोट से चुनाव हार गएए। राणा को 4325 वोट मिली थी।



**अंबाला।** प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के साथ मनदीप राणा।

### ईमानदारी से निभाउंगा जिम्मेदारी

पिछले काफी समय से मनदीप राणा के जिलाध्यक्ष बनने के कयास लगाए जा रहे थे। भाजपा में सांसद नायब सैनी के प्रदेशाध्यक्ष बनने के साथ ही इन कयासों को मजबूती मिल गई। विधायक असीम गोयल के बाद राणा की गिनती सैनी के खास लोगों में भी होती है। इसी आधार पर राणा को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की बात कही थी। अब इस पर मोहर लग चुकी है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद राणा ने पार्टी हाईकमान के साथ सांसद एवं प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, विधायक असीम गोयल समेत पार्टी के तमाम बड़े नेताओं का आभार जताया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर वे पार्टी की नीतियों को हर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे ताकि तीसरी बार पार्टी केंद्र व राज्य में सत्ता हासिल कर सके।

## अढ़ाई साल की बच्ची के साथ महिला लापता

**बराड़ा।** गांव अकालगढ़ से एक महिला के अपनी बच्ची के साथ गायब होने का मामला सामने आया है। गांव अकालगढ़ निवासी बलकार सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर पत्नी व बच्ची को ढूढंने की गुहार लगाई है। अपनी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी आरती दिनाक 29 दिसम्बर 2023 को अपनी ढाई साल की बीमार बेटी को बाबैन में दवाई देने के लिए घर से निकाली थी। लेकिन जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो उन्हें चिंता हुई और उसकी यहां-वहां तलाश की लेकिन उसका आज तक भी कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।